संदर्भ: यादी क्रमांक: 12112 दिनांक: 21/05/2022

विषय: महाविद्यालय के पूर्व-छात्र प्रकोष्ठ की स्थिति पर रिपोर्ट।

महाविद्यालय में पूर्व-छात्र प्रकोष्ठ नियमित रूप से कार्य कर रहा है। वर्तमान में प्रकोष्ठ की संरचना निम्नलिखित है:

डॉ. सतीश भारद्वाज	प्राचार्य	संरक्षक
डॉ. अनिल कुमारी	एसो. प्रोफेसर	Convenor
डॉ. रणबीर सिंह	एसो. प्रोफेसर	सदस्य
डॉ. रीटा अरोड़ा	सहायक प्रोफेसर	सदस्य
डॉ. सुमित	सहायक प्रोफेसर	सदस्य
डॉ. बबीता	”	” ”
डॉ. गुलाब सिंह	”	

प्रकोष्ठ ने महाविद्यालय के पूर्व छात्रों से अधिक से अधिक संपर्क स्थापित करके उन्हें महाविद्यालय में पूर्व-छात्र संगठन का गठन करने के लिए प्रेरित करने का भरपूर प्रयास किया है ताकि महाविद्यालय के पूर्व-छात्रों में आपसी मेल-जोल बढ़े और वे एक-दूसरे की प्रगति में सहायक सिद्ध हों। साथ ही इससे उनमें महाविद्यालय के प्रति कर्तव्य बोध पैदा होगा और उनमें इसके विकास में योगदान करने की इच्छा जागृत होगी। अपने उद्देश्यों की पूर्ति हेतु प्रयास करते हुए दिनांक 10/8/2019 को प्रकोष्ठ ने महाविद्यालय परिसर में एक पूर्व-छात्र मिलन समारोह का आयोजन किया जिसमें लगभग 80 पूर्व-छात्र व छात्राओं ने भाग लिया। इनमें अधिकतर वे पूर्व-विद्यार्थी शामिल थे जो जीवन में अपने आपको सुस्थापित महसूस करते हैं। यह पाया गया कि ऐसे विद्यार्थी जो रोजगार की दृष्टि से स्वयं को असफल समझते हैं, वे पूर्व-छात्र मिलन समारोह की ओर कम आकर्षित होते हैं। प्रकोष्ठ का प्रयास रहेगा कि ऐसे विद्यार्थियों में भी अपने महाविद्यालय के प्रति लगाव की भावना पैदा की जाए। वर्ष 2020 व 2021 में कोविड-19 के प्रकोप के चलते प्रकोष्ठ की गतिविधियां भी लगभग शिथिल रहीं परन्तु वर्तमान वर्ष में परिस्थितियां सामान्य होने के कारण उन्हें पुनः गति देने का प्रयास किया जाएगा।

अनिल 23/5/2022
(डॉ. अनिल कुमारी)
एसो. प्रोफेसर राजनीति विज्ञान

Seen
[signature] 23/05/2022